**कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष–भू प्रबंध), सतपुड़ा भवन, मध्यप्रदेश, भोपाल**

क्रमांक / एफ–5 / 802 / 2016 / 10–11 / 2795 भोपाल, दिनांक 24-12-16

प्रति,

मुख्य वन संरक्षक (क्षेत्रीय)
बैतूल वृत्त बैतूल, मध्यप्रदेश।

विषयः– **बैतूल जिले में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बोरी अभ्यारण्य से वनग्राम मालनी–II को उत्तर बैतूल के परिक्षेत्र भौंरा के कक्ष क्रमांक आर0एफ0–154 में विस्थापित किए जाने हेतु 285.700 हेक्टेयर वन भूमि का वन संरक्षण अधिनियम के तहत प्रस्ताव।**

संदर्भः– आपका पत्र क्रमांक / मा0चि0 / मा.चि. / 2016 / 2289 दिनांक 19.12.2016

––0––

उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा आपने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बोरी अभ्यारण्य के वनग्राम मालनी–II को उत्तर बैतूल वन मण्डल के परिक्षेत्र भौंरा के कक्ष क्रमांक आर0एफ0–154 में विस्थापित किए जाने हेतु 285.700 हेक्टेयर वन भूमि का वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत प्रस्ताव अपनी अनुशंसा उपरांत इस कार्यालय को अनुमोदन हेतु भेजा है। प्रस्ताव का परीक्षण किया गया, प्रस्ताव में निम्न कमियां पाई गई हैः–

1. ऑन लाईन प्रस्ताव के भाग–II के बिन्दु क्रमांक–3 में जिलेवार वन क्षेत्र में 2211.781 हेक्टेयर अंकित है, जबकि प्रकरण 285.700 का है।
2. ऑन लाईन प्रस्ताव के भाग–II के बिन्दु क्रमांक–15 में वन मण्डलाधिकारी की स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन के कॉलम 24 में अनुशंसा का कारण / अनुशंसा का उल्लेख नहीं किया गया है।
3. ऑन लाईन प्रस्ताव के भाग–II के बिन्दु क्रमांक–15 में मुख्य वन संरक्षक की स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन के कॉलम 24 में अनुशंसा का कारण / अनुशंसा का उल्लेख नहीं किया गया है।
4. ऑनलाईन प्रस्ताव के भाग–II के बिन्दु क्रमांक–16 में वन मण्डलाधिकारी की अनुशंसा में स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन अपलोड किया है जबकि मेनुअली भरा जाने वाला भाग–II अपलोड किया जाना चाहिए।
5. ऑनलाईन प्रस्ताव के भाग–II के बिन्दु क्रमांक–16 में मुख्य वन संरक्षक की अनुशंसा में स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन अपलोड किया है जबकि मेनुअली भरा जाने वाला भाग–III अपलोड किया जाना चाहिए।
6. ऑनलाईन प्रस्ताव में प्रभावित वृक्षों की संख्या 20937 दर्शाई गई है, परन्तु हार्ड कापी में प्रभावित वृक्षों की संख्या 10570 दर्शाई गई है।

अतः उपरोक्त कमियों की पूर्ति कर तत्काल इस कार्यालय को अवगत करावें, ताकि प्रकरण में स्वीकृति प्राप्त करने की कार्यवाही की जा सके।

(सुनील अग्रवाल)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)
मध्यप्रदेश, भोपाल

–2–

C:\F-5\Misc.docx

पृ. क्रमांक / एफ–5 / 802 / 2016 / 10–11 / 2796 भोपाल, दिनांक 24-12-16

**प्रतिलिपिः–**

1. मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, सतपुड़ा टाइगर रिवर्ज, होशंगाबाद, मध्यप्रदेश।
2. वन मण्डलाधिकारी (सामान्य) वन मण्डल, उत्तर बैतूल, मध्यप्रदेश

की ओर उपरोक्त संदर्भित पत्र के तारतम्य में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

**अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध)**
**मध्यप्रदेश, भोपाल**

C:\F-5\Misc.docx